सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल ने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के विभिन्न परिसरों का भ्रमण कर निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं मौजूदा सुविधाओं का निरीक्षण किया

लखनऊ : 07 जुलाई, 2025

प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के विभिन्न परिसरों का भ्रमण कर निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं मौजूदा सुविधाओं का निरीक्षण किया।

राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय के आईईटी परिसर स्थित लवकुश एवं सरयू छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। सरयू छात्रावास में उन्होंने मेस और जलापूर्ति व्यवस्था की वस्तुस्थिति का जायज़ा लिया और संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत, कुलाधिपति जी ने विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में चंदन का पौधा रोपित किया और निर्माणाधीन फार्मेसी भवन, पुस्तकालय, मल्टीपरपज़ लेक्चर हॉल एवं सिविल इंजीनियरिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी

संस्था के अधिकारियों को अधूरे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व मानकों के पालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने आईईटी लैब के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की तथा विश्वविद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्युत आपूर्ति, सीवरेज, एवं छात्रों के लिए पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की प्रगति की भी गहन समीक्षा की।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज एल जानी, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह, कुलसचिव श्री विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी श्री पूर्णेन्दु शुक्ल सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्रः
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080

कार्यालय